(क) 1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। 2. सर्वनाम के प्रमुख रूप से छह भेद होते हैं-(i) पुरुषवाचक सर्वनाम (ii) निश्चयवाचक सर्वनाम (iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (iv) संबंधवाचक सर्वनाम (v) प्रश्नवाचक सर्वनाम (vi) निजवाचक सर्वनाम। 3. **पुरुषवाचक सर्वनाम**-जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के स्थान पर किया जाए, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे- मैं, वह और तुम। पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद होते हैं- **(क)** उत्तम पुरुष **(ख)** मध्यम पुरुष **(ग)** अन्य पुरुष। 4. कर्ता द्वारा स्वयं के लिए प्रयोग किए जाने वाले सर्वनाम को निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। 5. निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध कराने वाले सर्वनाम को निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। **(ख)** 1. किसने 2. कौन 3. किसने 4. किसकी 5. स्वयं **(ग)** 1. ब 2. ब 3. ब **(घ) सर्वनाम**-1. यह 2. क्या 3. कुछ 4. मेरे 5. स्वयं **सर्वनाम के भेद** 1. निश्चयवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. अनिश्चयवाचक 4. पुरुषवाचक 5. निजवाचक **(ङ)** 1. तुम क्या पीओगे? 2. उसने खाना खा लिया है। 3. इस बर्तन में चीनी है। 4. मुझे नहीं खेलना है। **(च)** 1. कोई आया है। 2. हम जा रहे हैं। 3. अपना काम खुद करो। 4. दाल में कुछ पड़ा है। 5. वहाँ कौन खड़ा है? 6. तुम बाहर जाओ।

9. विशेषण

(क) 1. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं। विशेषण के चार भेद होते हैं-गुणवाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण और संकेतवाचक विशेषण। 2. जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं। 3. **परिमाणवाचक विशेषण**-वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की नाप-तौल का बोध कराते हैं; परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे-मुझे थोड़ा पानी दीजिए।, बहुत समय हो चुका।, उसने तीन मीटर कपड़ा लिया।, यह गाय कम दूध देती है। 4. सर्वनाम तथा सार्वनामिक विशेषणों में अंतर यह है कि सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होता है, जबकि सार्वनामिक विशेषण संज्ञा से पूर्व आकर उसकी विशेषता बताते हैं। जैसे- **सर्वनाम**- वह मेरा मित्र है। वह बैठ गई। उसे कुछ चाहिए। **सार्वनामिक विशेषण**- वह लड़का मेरा मित्र है। वह लड़की बैठ गई। उसे कुछ कॉपियाँ चाहिए। **(ख)** 1. लंबी 2. अनेक 3. तीन 4. कई **(ग)** 1. ब 2. द 3. ब **(घ) विशेषण**-1. सौ 2. गुलाबी 3. एक किलो

4. कुछ, **विशेष्य**–1. रुपए 2. कमल 3. टमाटर 4. चॉकलेट **(ङ)** 1. ✓ 2. ✗ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✓ **(च)** 1. नई–गुणवाचक विशेषण 2. चार–संख्यावाचक विशेषण 3. यह–संकेतवाचक विशेषण 4. आधा लीटर–परिमाणवाचक विशेषण 5. कुछ–संख्यावाचक विशेषण **(छ)** काले बादल, काला भालू, बूढ़ा आदमी, पका केला, नई किताब, ठंडा पानी, मीठी खीर, लाल गुलाब।

10. क्रिया

(क) 1. जिन शब्दों से कार्य का करना या होना प्रकट होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं। 2. **सकर्मक क्रिया**– जिस क्रिया के करने या होने में कर्म की आवश्यकता पड़ती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे–सीता पत्र लिखती है; मोहन खाना खाता है। 3. क्रिया के जिस रूप से कार्य के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं। 4. **भविष्यत्काल**–क्रिया के जिस रूप से आने वाले समय का बोध होता है, उसे भविष्यत्काल कहते हैं; जैसे–कल हमारा मैच होगा, मैं तुम्हें हिंदी सिखाऊँगा। **(ख)** 1. उगता 2. नाचने 3. खाया 4. जाएगी 5. उड़ता **(ग)** 1. ट 2. स 3. स **(घ)** 1. सकर्मक 2. सकर्मक 3. अकर्मक 4. अकर्मक 5. सकर्मक **(ङ)** 1. पापा घर में प्रवेश करते हैं। 2. माता जी खाना बनाती हैं। 3. मैं उससे रोज मिलता था। 4. रीना तबला बजाएगी। 5. तुम पिताजी को पत्र लिखोगे। **(च)** 1. भविष्यत्काल 2. वर्तमानकाल 3. भविष्यत्काल 4. भूतकाल 5. भूतकाल।

11. अविकारी शब्द

(क) 1. जो शब्द लिंग, वचन व कारक आदि के आधार पर अपना रूप नहीं बदलते, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। 2. अविकारी शब्द मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं– 1. क्रियाविशेषण 2. समुच्चयबोधक 3. संबंधबोधक 4. विस्मयादिबोधक 3. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताएँ, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं। क्रियाविशेषण के मुख्यत: चार भेद होते हैं–**(क)** कालवाचक क्रियाविशेषण **(ख)** स्थानवाचक क्रियाविशेषण **(ग)** परिमाणवाचक क्रियाविशेषण **(घ)** रीतिवाचक क्रियाविशेषण 4. क्रिया के होने का समय बताने वाले शब्दों को कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे–सुबह, शाम, अभी, सदा, आज, कल, प्रतिदिन, अब, कब, सदा, हमेशा आदि। 5. क्रिया की मात्रा या नाप–तौल का बोध कराने वाले शब्दों को परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे– बहुत, कितना, इतना, तनिक, कम, अधिक, थोड़ा, ज्यादा, बिल्कुल आदि। **(ख)** 1. यहाँ 2. प्रतिदिन 3. यहाँ 4. बहुत 5. के ऊपर **(ग)** 1. स 2. ब 3. अ 4. ब

(घ) 1. विनय नीचे बैठा है। 2. तुम शीघ्र घर आओ। 3. बस के आगे मत चलो। 4. वह यहाँ प्रतिदिन आता है। 5. वह ऊपर बैठा है। 6. वह परसों दिल्ली जाएगा। **(ङ) क्रियाविशेषण**–1. सुबह 2. नीचे 3. परसों 4. बहुत 5. तेज **क्रियाविशेषण के भेद**–1. कालवाचक 2. स्थानवाचक 3. कालवाचक 4. परिमाणवाचक 5. रीतिवाचक **(च)** 1. **अव्यय**–क्रियाविशेषण समुच्चयबोधक संबंधबोधक विस्मयादिबोधक।

2. **कालवाचक क्रियाविशेषण**–	सुबह	शाम	प्रतिदिन	कल
3. **स्थानवाचक क्रियाविशेषण**–	यहाँ	वहाँ	ऊपर	नीचे
4. **रीतिवाचक क्रियाविशेषण**–	तेज	मधुर	थोड़ा	बहुत
5. **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण**–	इतना	कम	अधिक	बिल्कुल

12. विराम-चिह्न

(क) 1. पढ़ते या लिखते समय विराम को प्रकट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग करते हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहा जाता है। 2. **अल्पविराम (,)**– लिखते समय वाक्य में एक शब्द को दूसरे से अलग दिखाने तथा जहाँ थोड़ा रुकना आवश्यक है, वहाँ अल्पविराम, का प्रयोग किया जाता है। जैसे– राम, श्याम और राघव जा रहे हैं; 3. **विस्मयसूचक चिह्न (!)**– हर्ष, आश्चर्य, दु:ख, घृणा आदि के भावों को प्रकट करने के लिए विस्मयसूचक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है; जैसे– शाबाश! तुम प्रथम आ गए। 4. **प्रश्नसूचक चिह्न (?)**– प्रश्न करते समय वाक्यों के अंत में प्रश्नसूचक चिह्न (?) लगाया जाता है। जैसे– कौन-कौन फिल्म देखने चलेगा? माँ, पिताजी कब आएँगे? 5. **योजक चिह्न (-)**– इस चिह्न का प्रयोग दो शब्दों को जोड़कर लिखने के लिए किया जाता है; जैसे-जल्दी-जल्दी घर चलो। **(ख)** 1. कोष्ठक 2. पूर्ण विराम 3. प्रश्नसूचक 4. विस्मयसूचक चिह्न 5. अल्प विराम 6. योजक **(ग)** 1. अ 2. अ 3. स **(घ)** 1. सोनू, सरिता और विपुल खेलने गए हैं। 2. क्या तुम मंदिर गए थे? 3. रजनी विद्यालय गई है। 4. शाबाश! तुम प्रथम आए हो। **(ङ)** 1. तुम कौन हो? 2. विनय, रामू और रमन जा रहे हैं। 3. हम प्रतिदिन मंदिर जाते हैं। 4. शाबाश! तुम जीत गए।

13. मुहावरे

(क) 1. ऐसे वाक्यांश जिनका प्रयोग उनके सामान्य अर्थ के स्थान पर एक विशेष अर्थ में किया जाता है, मुहावरे कहलाते हैं। 2. मुहावरों के प्रयोग से भाषा सुंदर और स्वाभाविक बन जाती है। **(ख)** 1. जी चुराना 2. आँखों का तारा 3. उन्नीस-बीस का

अंतर 4. चंपत होना **(ग)** 1. स 2. ब 3. ब **(घ)** 1. (द) 2. (स) 3. (ब) 4. (अ) **(ङ)** 1. **अर्थ**-(मतलब न रखना)। **वाक्य प्रयोग**-विवेक ने रमन से आँखें फेर लीं। 2. **अर्थ**-(बुरी तरह हराना)। **वाक्य प्रयोग**-भारत ने क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के दाँत खट्टे कर दिए। 3. **अर्थ**-(अनपढ़ों में थोड़ा पढ़ा-लिखा)। **वाक्य प्रयोग**-विजय अंधों में काना राजा है। 4. **अर्थ**-(थोड़े में बहुत कुछ)। **वाक्य प्रयोग**-सूरदास का काव्य-संग्रह गागर में सागर है। **(च)** 1. कान भरना 2. पानी-पानी होना 3. टाँग अड़ाना 4. आँखों में धूल झोंकना।

हिंदी व्याकरण भारती 5

1. भाषा, लिपि और व्याकरण

(क) 1. मन के विचारों एवं भावों के आदान-प्रदान का साधन भाषा कहलाती है। भाषा के दो रूप हैं-1 मौखिक भाषा 2 लिखित भाषा। 2. भाषा को लिखित रूप देने के लिए जिन चिह्नों को निश्चित किया गया है, उन्हें लिपि कहते हैं। 3. व्याकरण के द्वारा हम भाषा को शुद्ध रूप से पढ़ना, लिखना और बोलना सीखते हैं। 4. व्याकरण के मुख्यत: तीन अंग माने जाते हैं-(1) वर्ण विचार (2) शब्द विचार (3) वाक्य विचार। 5. किसी सीमित क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा को बोली कहते हैं। **(ख)** 1. हिंदी 2. अंग्रेजी 3. व्याकरण 4. भाषा **(ग)** 1. ब 2. द 3. ब 4. स **(घ)** 1. ✗ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✓ 5. ✗ 6. ✓ **(ङ)** 1. हरियाणवी, हिंदी 2. भोजपुरी, हिंदी 3. हिमाचली, हिंदी 4. गुजराती, हिंदी **(च)** 1. (स) 2. (द) 3. (र) 4. (ब) 5. (य) 6. (अ), **(छ) बोली**- गढ़वाली, भोजपुरी, हिमाचली, हरियाणवी; **लिपि**- देवनागरी, गुरुमुखी, रोमन, फारसी; **भाषा**- उर्दू, गुजराती, पंजाबी, हिंदी, अंग्रेजी।

2. वर्ण और शब्द

(क) 1. भाषा की वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं, उसे वर्ण कहते हैं। वर्ण मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं-(1) स्वर (2) व्यंजन 2. **स्वर**-जिन वर्णों का उच्चारण किसी वर्ण की सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से होता है, उन्हें स्वर कहते हैं। हिंदी भाषा में ग्यारह (11) स्वर होते हैं- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ। स्वर के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं-(क) ह्रस्व स्वर **(ख)** दीर्घ स्वर **(ग)** प्लुत स्वर। 3. दो व्यंजनों के मेल से बनने वाले व्यंजन को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। 4. वर्णों के मेल से बने सार्थक ध्वनि-समूह को शब्द कहते हैं। शब्दों का वर्गीकरण निम्नलिखित चार आधारों पर किया जाता है-(1) उत्पत्ति के

आधार पर (2) बनावट के आधार पर (3) अर्थ के आधार पर (4) प्रयोग के आधार पर 5. उत्पत्ति के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं- **(क)** तत्सम शब्द **(ख)** तद्भव शब्द **(ग)** देशज शब्द **(घ)** विदेशी शब्द या आगत शब्द। **(ख)** 1. विलोम 2. सार्थक 3. व्यंजन 4. चार 5. अविकारी **(ग)** 1. स 2. ब 3. ब 4. स 5. ब **(घ)** 1. **क्ष**-क्षणिक क्षत्रिय, **ज्ञ**-ज्ञाता अज्ञानी, **त्र**-त्रिकोण त्रिनेत्र, **श्र**-श्रमिक श्रावण

(ङ) भ्+आ+र्+अ+त्+अ 2. उ+त्+स्+अ+व्+अ 3. द्+इ+ल्+ल्+ई 4. व्+इ+श्+व्+अ **(च) स्पर्श व्यंजन**- ठ, क, ढ, च, फ, इ, ख, झ, ब, म, ग, त; **अंतःस्थ व्यंजन**- य, र, ल, व, **ऊष्म व्यंजन**- श, ष, स, ह **(छ)** 1. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, 2. पंकज, चारपाई, नीलकंठ, 3. कूप, नेत्र, अग्नि, 4. पगड़ी, पैसा, लोटा **(ज) तत्सम**- दंत, कवि, मयूर, वायु; **तद्भव शब्द**- दूध, आग, **देशज शब्द**-पिता, पैसा, पगड़ी, थैला, लोटा, खिड़की, **विदेशी**- स्टेशन, रोड, कॉपी, अमीर, साइकिल, अलमारी, **(झ)** 1. संतरा 2. पाँच 3. चाँद कंघा 5. कंगारू 6. पंख **(ञ) विकारी शब्द**- मेज, मंदिर, सैनिक, घोड़ा, लड़का; **अविकारी शब्द**- पर, तथा, ओह, सुंदर, तेज, धीरे-धीरे, यहाँ, ऊपर, लंबा, प्रकृति **(ट)** 1. पाठशाला 2. रसोईघर 3. रेलगाड़ी 4. देशभक्त 5. जलचर 6. नीलकंठ।

3. संज्ञा

(क) 1. प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। 2. संज्ञा के मुख्यतः तीन भेद होते हैं- व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, भाववाचक संज्ञा। 3. किसी प्राणी, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। 4. जिन शब्दों से किसी समूह या समुदाय का बोध होता है, उन्हें समूहवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे-सेना, सभा, कक्षा, टोली आदि। **(ख)** 1. गंदगी 2. पढ़ने 3. सुंदरता 4. सफाई 5. वीरता **(ग)** 1.ब 2. अ 3. स 4. अ **(घ)** 1. **जातिवाचक**-भक्त, **व्यक्तिवाचक**-मीरा, श्रीकृष्ण 2. **जातिवाचक**-प्रतिमा, **व्यक्तिवाचक**-सुभाष चौक 3. **जातिवाचक**-इमारतें, **व्यक्तिवाचक**-दिल्ली 4. **जातिवाचक**-घोड़ा, **व्यक्तिवाचक**-चेतक 5. **जातिवाचक**- राजा, **व्यक्तिवाचक**-भारत 6. **जातिवाचक**-बालक, मोहन **(ङ)** 1. सेवा 2. मातृत्व 3. शत्रुता 4. ऊँचाई 5. सरलता 6. कालिमा 7. अपनापन 8. भक्ति 9. मधुरता **(च)** मूर्खता, मिठास, अच्छाई, मानवता, देवत्व, सेवा, हरियाली, अहंकार, हँसी, कमाई, बालकपन **(छ) व्यक्तिवाचक संज्ञा**- राघव, दिल्ली, आदमी, गंगा,

महाभारत, **जातिवाचक संज्ञा**- पशु, चिड़ियाघर, सेना, **भाववाचक संज्ञा**- शैशव, दया, दासता, सज्जनता।

4. लिंग

(क) 1. पुरुष या स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द लिंग कहलाते हैं। 2. लिंग के दो भेद होते हैं- पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग। 3. संज्ञा शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे पुल्लिंग कहते हैं। जैसे-छात्र, अध्यापक, सेठ, घोड़ा, शेर, बंदर आदि। संज्ञा शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे-छात्रा, अध्यापिका, सेठानी, घोड़ी, शेरनी, बंदरिया आदि। 4. (i) अंतिम 'अ' को 'आ' में बदलकर-**पुल्लिंग** छात्र, बाल, **स्त्रीलिंग**-छात्रा, बाला (ii) अंतिम 'अ' या 'आ' को 'ई' में बदलकर **पुल्लिंग**-देव बेटा, **स्त्रीलिंग**-देवी, बेटी। (iii) अंतिम 'अक' को 'इका' में बदलकर- **पुल्लिंग**- याचक, नायक, पाठक **स्त्रीलिंग**- याचिका, नायिका, पाठिका, (iv) अंत में 'नी' जोड़कर-**पुल्लिंग**- मोर, चोर, जाट, **स्त्रीलिंग**- मोरनी, चोरनी, जाटनी, (v) अंत में 'आनी' या 'आणी' जोड़कर-**पुल्लिंग**- देवर, इंद्र, **स्त्रीलिंग**- देवरानी, इंद्राणी, **(ख)** 1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग 3. पुल्लिंग 4. स्त्रीलिंग **(ग)** 1. अ 2. ब 3. स **(घ) पुल्लिंग शब्द**- सोमवार, भारत, सूर्य, ताँबा, गुलाब, गेहूँ, **स्त्रीलिंग शब्द**- मिलावट, मछली, पृथ्वी, चाँदी, नदी, नागिन, **(ङ)** 1. प्रिया 2. वधू 3. धोबी 4. लुटिया 5. जेठानी 6. सम्राट 7. गायिका 8. पहाड़ी 9. आत्मजा 10. सम्राज्ञी 11. विदूषी 12. पुत्र 13. नर कोयल 14. मादा मगरमच्छ 15. पंडित **(च)** 1. दर्जिन सम्राज्ञी के कपड़े सिलती है। 2. फिल्म की नायिका महान अभिनेत्री थी। 3. नौकरानी रसोईघर में थी। **(छ)** पृथ्वी-स्त्रीलिंग, दासी-स्त्रीलिंग, सत्यवान-पुल्लिंग, डाकखाना-पुल्लिंग, कावेरी-स्त्रीलिंग, भारत-पुल्लिंग, सब्जी-स्त्रीलिंग, धाविका-स्त्रीलिंग, चालक-पुल्लिंग, श्रीलंका-पुल्लिंग, हिमालय-पुल्लिंग, शनि-पुल्लिंग **(ज)** 1. ममता, क्षमता, पशुता 2. गौरैया, मुर्गी, बतख 3. भ्रातृत्व, नेतृत्व, कवित्व 4. शेर, घोड़ा, हाथी 5. छाता, मच्छर, पौधा 6. गिलहरी, कोयल, मछली

5. वचन

(क) 1. शब्द के जिस रूप से किसी प्राणी या वस्तु के एक या अनेक होने का ज्ञान हो, उसे वचन कहते हैं। 2. हिंदी में वचन के दो भेद होते हैं- 1 एकवचन, 2 बहुवचन।

3. शब्द के जिस रूप से एक प्राणी, वस्तु या पदार्थ का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे- बेटा, रोटी, पुस्तक, घोड़ा, आदि। शब्द के जिस रूप से एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं अथवा पदार्थों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे- बेटे, रोटियाँ, पुस्तकें, घोड़े आदि। 4. आकारांत पुल्लिंग शब्दों में अंतिम 'आ' को 'ए' कर दिया जाता है। अकारांत स्त्रीलिंग शब्द के अंत में 'एँ (ँ) जोड़ दिया जाता है। **(ख)** 1. ऋतुएँ 2. कोयलें 3. चूड़ियाँ 4. मक्खियाँ 5. लड़कियाँ **(ग)** 1. अ 2. अ 3. अ 4. ब **(घ)** 1. माला 2. तोता 3. रानी 4. नेता 5. अमीर 6. शीशा 7. संत 8. मक्खी 9. लता 10. बूँद 11. विधि 12. लड़की **(ङ)** 1. कीड़े 2. रस्से 3. दलित समाज 4. प्रजाजन 5. छात्राएँ 6. आपलोग 7. बिटियाँ 8. चाबियाँ 9. गरीब लोग 10. नीतियाँ 11. बातें 12. श्रमिकवर्ग **(च)** 1. बहुवचन 2. बहुवचन 3. एकवचन 4. बहुवचन 5. बहुवचन 6. एकवचन 7. बहुवचन 8. एकवचन 9. बहुवचन 10. एकवचन 11. बहुवचन 12. बहुवचन (छ) 1. लड़के खेल रहे थे। 2. बंदर टोपी उठाकर ले गया। 3. शीशे टूट गए। 4. नेतागण कमरे में बैठे थे। 5. कलियाँ खिल रही हैं। 6. कक्षा में सभी बातें कर रहे थे। 7. लता फैल रही है। 8. पुस्तकें अलमारी में रखी हैं। **(ज)** 1. हाथी ने कुछ गन्ने खा लिए। 2. भूकंप में कई इमारतें गिर गईं। 3. सभी लड़कियों ने नृत्य किया। 4. हर रोज दादी माँ मुझे एक कहानी सुनाती हैं। 5. तेज हवाएँ चलने से पेड़ पर लगी सभी पत्तियाँ टूट गईं।

6. कारक

(क) 1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य की क्रिया या अन्य शब्दों से जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं। प्रियंका ने केक बनाया। शुभ ने कलम से पत्र लिखा। भूमि ने आँगन में रंगोली बनाई। उपर्युक्त उदाहरणों में 'ने', 'से' वाक्यों की संज्ञा का संबंध क्रियाओं क्रमशः बनाया व लिखा से बता रहे है। अतः 'ने, से' कारक हैं। 2. प्रियंका ने केक बनाया। शुभ ने कलम से पत्र लिखा। भूमि ने आँगन में रंगोली बनाई। उपर्युक्त वाक्यों में 'ने, से, में' इन वाक्यों को अर्थपूर्ण बना रहे हैं, इन्हें ही कारक चिह्न, परसर्ग या विभक्ति चिह्न कहते हैं। कर्ता कारक की विभक्ति 'ने' है। कर्म कारक की विभक्ति 'को' है। करण कारक की विभक्ति 'से, के द्वारा' है। संप्रदान कारक की विभक्ति 'को, के लिए' है। अपादान कारक की विभक्ति 'से (पृथकता के भाव में)' है। संबंध कारक की विभक्ति 'का, की, के, रा, री, रे, ना, नी,

ने' है। अधिकरण कारक की विभक्ति 'में, पर' है। संबोधन कारक की विभक्ति 'हे, अरे, हो, रे' है। 3. **कारक आठ प्रकार के होते हैं**-(i) कर्ता कारक (ii) कर्म कारक (iii) करण कारक (iv) संप्रदान कारक (v) अपादान कारक (vi) संबंध कारक (vii) अधिकरण कारक (viii) संबोधन कारक **विभक्ति चिह्न (परसर्ग)**-ने को से, के द्वारा।, को, के लिए।, से (पृथकता के भाव में)।, का, की, के; रा, री, रे; ना, नी, ने। में, पर। हे, अरे, हो, रे; **कर्ता कारक**-'कर्ता' का अर्थ होता है- कार्य को करने वाला। वाक्य में शब्द के जिस रूप से क्रिया करने वाले का बोध हो, उसे कर्ता कारक कहते हैं। जैसे- गाँधी जी अपने आचरण का ध्यान रखते थे। मैं कल मुंबई जाऊँगा। अंगुलिमाल निर्दयी डाकू था। बच्चों ने कविताएँ सुनाईं। **कर्म कारक**-क्रिया के कार्य का फल जिस पर पड़ता है, वह कर्म कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'को' होता है; जैसे- अध्यापक ने छात्रों को पढ़ाया। माता ने बच्चे को खाना खिलाया। **करण कारक**-क्रिया करने का साधन या माध्यम करण कारक होता है; करण कारक के साथ 'से, के द्वारा' परसर्ग लगाया जाता है। जैसे-मोना बस से गाँव गई। सीढ़ी से ऊपर आ जाओ। **संप्रदान कारक**-जिस संज्ञा या सर्वनाम के लिए कुछ किया जाता है या उसे कुछ दिया जाता है, वह संप्रदान कारक होता है। संप्रदान कारक में 'को' के लिए' परसर्गों का प्रयोग होता है; जैसे-माँ के लिए फल लाओ। गरीबों को भोजन दो। **अपादान कारक**-संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जिसके द्वारा अलग होने का बोध होता है, वह अपादान कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'से' होता है; जैसे- वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।, विपिन कमरे से बाहर आ गया। **संबंध कारक**-संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से एक वस्तु का दुसरी वस्तु के साथ संबंध ज्ञात हो, उसे संबंधकारक कहते हैं। इसके विभक्ति-चिह्न 'का, के, की; रा, रे, री; ना, ने, नी' हैं; जैसे-यह सोहन का घर है।, वह उनकी पुस्तक है। **अधिकरण कारक**- संज्ञा के जिस रूप से आधार प्रकट होता है, उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसका विभक्ति-चिह्न 'में' व 'पर' हैं। जैसे- बंदर पेड़ पर बैठा है।, रमन कमरे में सो रहा है। **संबोधन कारक**- संज्ञा के जिस रूप से किसी को संबोधित किया जाए, वह संबोधन कारक कहलाता है। इसके विभक्ति-चिह्न 'हे', 'रे' आदि हैं। जैसे- हे अशरफ! जरा इधर आओ। इस वाक्य में 'हे अशरफ' संबोधन कारक है। 4. **करण कारक और अपादान कारक में अंतर**-इन दोनों कारकों में 'से' विभक्ति का प्रयोग होता है। करण कारक में इसका

प्रयोग साधन के अर्थ में होता है जबकि अपादान कारक में अलग होने या तुलना के अर्थ में होता है। निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए–माताजी चाकू से फल काट रही हैं। हम रेल से कोलकाता जाएँगे। हम अपनी जीभ से बोलते हैं। इन वाक्यों में चाकू, रेल और जीभ क्रिया के साधन हैं। अत: यहाँ 'से' विभक्ति करण कारक की सूचक है। **(ख)** 1. की 2. को 3. ने 4. पर 5. के लिए **(ग)** 1. द 2. स 3. ब **(घ)** 1. ✗ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✗ 5. ✓ **(ङ)** 1. करण 2. कर्म 3. अधिकरण 4. अपादान 5. संबंध **(च)** में–अधिकरण, की–संबंध, के द्वारा–करण, के लिए–संप्रदान, अरे!–संबोधन, ने–कर्ता **(छ)** 1. चोर को पकड़ लो। 2. छोटी बच्ची खिलौनों से खेल रही थी। 3. तुमने किसको बुलाया था। 4. सचिन ने खाना खाया।

7. सर्वनाम

(क) 1. संज्ञा शब्द के स्थान पर जो शब्द प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे–वह, यह, उसे, मेरी आदि। 2. (i) **पुरुषवाचक सर्वनाम**–जो शब्द कहने वाले (वक्ता), सुनने वाले (श्रोता) अथवा जिसके बारे में कुछ कहा जाए, इन तीनों पुरुषों का बोध कराएँ, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे–मैं, हम, मैंने, हमने, तुम, आप, वह आदि। **(क) उत्तम पुरुष**–मैं, मैंने, मुझे, हम, हमें, हमको, आदि। **(ख) मध्यम पुरुष**–तू, तुम, आप आदि। **(ग) अन्य पुरुष**–वह, वे, उसने, उसे, उन्हें, उन्होंने आदि। (ii) **निश्चयवाचक सर्वनाम**– जिन सर्वनामों से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उन्हें निश्चयवाचक या संकेतवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे– यह, वह, ये, वे। (iii) **अनिश्चयवाचक सर्वनाम**– वे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध न हो, अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– कोई, कुछ, किसी। (iv) **प्रश्नवाचक सर्वनाम**– वे शब्द जिनका प्रयोग प्रश्न पूछने या किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के विषय में कुछ पूछने के लिए किया जाता है; प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे–कौन, क्या आदि। (v) **संबंधवाचक सर्वनाम**–जो सर्वनाम वाक्य में आने वाले दूसरे सर्वनाम से संबंध बताते हैं, संबंधवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे–जो, जिसने आदि। (vi) **निजवाचक सर्वनाम**–जिन सर्वनाम शब्दों से अपनत्व या निजत्व का बोध होता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे–अपना, अपनी, निजी आदि। 3. स्वयं करें। 4. कोई, कुछ। **वाक्य प्रयोग**–कोई आया है। बच्चों को कुछ रुपए दो। 5. प्रश्नवाचक। **वाक्य प्रयोग**–रवि क्या कह रहा

है? दरवाजे पर कौन खड़ा है? **(ख)** 1. कौन 2. कुछ 3. अपना 4. वही 5. किसी की **(ग)** 1. ब 2. स 3. स 4. स **(घ)** मुझे, तुम्हारी, तुम, हमने **(ङ)** 1. निजवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. संबंधवाचक 4. अनिश्चयवाचक 5. संबंधवाचक **(च)** 1. ✗ 2. ✗ 3. ✗ 4. ✗ **(छ)** 1. बाहर कौन खड़ा है? 2. खाने को कुछ दो। 3. मैं घर जा रहा हूँ। 4. विवेक स्वयं विद्यालय चला जाएगा। 5. कोई दरवाजे पर खड़ा है। 6. वह खेल रहा है। 7. आप क्या खा रहे हैं? 8. यह वही लड़का है जो प्रथम आया था। **(ज)** 1. किसका सामान लाए हो? 2. अब मैं बताता हूँ, सुनो। 3. तुम्हें क्या चाहिए। 4. तुम अपने घर जाओ। 5. मेरा भाई आया है।

8. विशेषण

(क) 1. संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं; जैसे–मोटा, चार, थोड़े। 2. जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे विशेष्य कहलाते हैं; जैसे–बंदर, थोड़े, फूल 3. विशेषण के पाँच भेद होते हैं–गुणवाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण, संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण व व्यक्तिवाचक विशेषण। 4. **परिमाणवाचक विशेषण**–जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा, माप, तौल आदि बताते हैं, वे परिणामवाचक विशेषण होते हैं; जैसे–कुछ, इतना, थोड़ा, बहुत, अधिक, तनिक, मुट्ठीभर, टोकरी–भर, घड़ाभर आदि। 5. कुछ शब्दों का प्रयोग परिमाणवाचक और संख्यावाचक विशेषण दोनों के लिए होता है; जैसे–कम, कुछ, थोड़ा, बहुत आदि। यदि विशेष्य गिनी जा सकने वाली वस्तु है, तो उसके साथ प्रयुक्त विशेषण संख्यावाचक माना जाता है। यदि विशेष्य गिनी न जा सकने वाली वस्तु है तो उसे परिमाणवाचक माना जाता है। **उदाहरण देखिए**– **(ख)** 1. दो 2. यह 3. परम 4. मधुर 5. कुछ **(ग)** 1. अ 2. अ 3. ब **(घ)** 1. कुछ कुत्ते 2. सुयोग्य वर 3. मैले वस्त्र 4. उपयोगी पशु 5. सरल और सुबोध भाषा 6. एक लीटर दूध **(ङ)** 1. **उस** (सार्वनामिक विशेषण) 2. **वह** (सर्वनाम) 3. **हम** (सर्वनाम) 4. **वे** (सर्वनाम) 5. **इस** (सार्वनामिक विशेषण) **(च) विशेषण**– 1. गहरा 2. दो 3. थोड़ा 4. बहुत 5. बड़ा, **भेद**–1. गुणवाचक 2. निश्चित संख्यावाचक 3. अनिश्चित परिमाणवाचक 4. अनिश्चित परिमाणवाचक 5. अनिश्चित परिमाणवाचक **(छ)** सुंदर, काले, खट्टे, सुंदर, मधुर, बड़ी, पतला, मोटा, नीली, तेज, काली, मेहनती **(ज)** 1. दानी 2. पूज्य 3. गरीबी 4. सांसारिक 5. शहरी 6. रसीला 7. पर्वतीय 8. सरकारी 9. दयालु 10. धार्मिक 11. दैनिक 12. ऊपरी।

9. क्रिया और काल

(क) 1. जिस शब्द से किसी कार्य का करना या होना प्रकट हो, उसे क्रिया कहते हैं; जैसे- खेलना, देखना, पढ़ना आदि। 2. क्रिया के मुख्यत: दो भेद होते हैं- (i) अकर्मक क्रिया (ii) सकर्मक क्रिया 3. क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। 4. क्रिया के जिस रूप से उसके होने या करने के समय का पता चले, उसे काल कहते हैं। 5. काल के तीन भेद होते हैं-(i) वर्तमान काल (ii) भूतकाल (iii) भविष्यत्काल 6. **भूतकाल**-क्रिया के जिस रूप से उसके बीते हुए समय में होने का बोध हो उसे भूतकाल कहते हैं; जैसे-रवि पुस्तक पढ़ रहा था। मोहन खेल रहा था। श्रीराम ने रावण को मारा। **(ख)** 1. सकर्मक 2. क्रिया 3. कर्म 4. भूतकाल 5. भविष्यत्काल 6. वर्तमान काल **(ग)** 1. द 2. अ 3. ब 4. ब **(घ) क्रिया**- 1. पी है 2. खेल रहे थे 3. पकड़ा 4. जाएगा 5. पढ़ता है 6. जाऊँगा 7. चल रही है। **काल का भेद**-1. वर्तमान काल 2. भूतकाल 3. भूतकाल 4. भविष्यत्काल 5. वर्तमानकाल 6. भविष्यत्काल 7. वर्तमानकाल **(ङ)** 1. **अकर्मक क्रिया**-उड़ेगी, 2. **अकर्मक क्रिया**- रो रहा है 3. **सकर्मक क्रिया**-लिखूँगा 4. **सकर्मक क्रिया**-लाए, 5. **सकर्मक क्रिया**-खाएँगे, 6. **अकर्मक क्रिया**-हँसेगा, 7. **अकर्मक क्रिया**-सो रही है। 8. **सकर्मक क्रिया**-पढ़ रहे हैं। **(च)** 1. **क्रिया शब्द**-आएँगे, **धातु**-आ 2. **क्रिया शब्द**-पढ़ी, **धातु**-पठ 3. **क्रिया शब्द**-हँस रहे थे, **धातु**-हँस 4. **क्रिया शब्द**-जाओगे, **धातु**-जा, 5. **क्रिया शब्द**-खाया, **धातु**-खा 6. **क्रिया शब्द**-लिखता है, **धातु**-लिख **(छ)** 1. बादल की गर्जना सुनो। 2. पक्षियों को आकाश में उड़ना अच्छा लगता है। 3. वह फिल्म देखना चाहता है। 4. उसे पत्र लिखना है। 5. वह मैदान से भागना चाहता था। 6. मुझे अभी नहाना है।

10. अव्यय

(क) 1. जिस शब्द से क्रिया की विशेषता प्रकट हो, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे- मनोज नीचे खड़ा है।, खरगोश तेज दौड़ता है।, हम रोज सैर पर जाते हैं। 2. क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं-(i) कालवाचक क्रियाविशेषण-जैसे-वह प्रतिदिन व्यायाम करता है। वह काम जल्दी निबटा देता है।, (ii) स्थानवाचक क्रियाविशेषण-जैसे- वहाँ अंधकार छाया है। उसे इधर-उधर मत जाने देना।, (iii) रीतिवाचक क्रियाविशेषण-जैसे-वह अचानक गिर पड़ा। राम धीरे-धीरे खाता है।, यह कार्य उसने जैसे-तैसे पूरा किया। (iv) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण-जैसे-वह बहुत

अधिक बोलता है। कम तोलना बेईमानी है। 3. **रीतिवाचक क्रियाविशेषण**–क्रिया होने का ढंग या रीति बताने वाले शब्दों को रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे–वह अचानक गिर पड़ा। राम धीरे–धीरे खाता है।, यह कार्य उसने जैसे–तैसे पूरा किया। 4. दो शब्दों, वाक्यों या उपवाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले अविकारी शब्दों को समुच्चयबोधक या योजक कहते हैं; जैसे–या, और, ताकि। 5. जो अव्यय शब्द हर्ष, विस्मय, दु:ख, घृणा आदि का भाव प्रकट करते हैं, उन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं। जैसे–उफ्, वाह, सावधान। 6. विस्मयादिबोधक अव्यय के 8 निम्नलिखित प्रमुख भेद हैं–(i) हर्षबोधक– वाह–वाह! अहा! शाबाश! धन्य! आदि। (ii) आश्चर्यबोधक– अरे! ओह! हैं! वाह! खूब! अच्छा! आदि। (iii) शोकबोधक– हाय! अरे! हे राम! आह! अफसोस! आदि। (iv) घृणाबोधक–छि:छि:! दूर–दूर! धिक–धिक! दूर हट! आदि। (v) आशीर्वादबोधक–जय हो! जीते रहो! शतायु हो! आदि। (vi) संतोषबोधक– बहुत अच्छा! बहुत सुंदर! बिल्कुल ठीक! आदि। (vii) संबोधनबोधक– सुनो! देखो! इधर आओ! आदि। (viii) धिक्कारबोधक– शर्म–शर्म! हाय–हाय! धिक्कार है! आदि। **(ख)** 1. के विरुद्ध 2. के जैसी 3. के पीछे 4. के सामने 5. के ऊपर **(ग)** 1. स 2. स 3. ब 4. स 5. स **(घ)** 1. और 2. कि 3. और 4. इसलिए **(ङ)** 1. **आज**–कालवाचक 2. **बहुत**–परिमाणवाचक 3. **धीरे–धीरे**–रीतिवाचक 4. **तेजी से**–रीतिवाचक 5. **नित्य**–कालवाचक **(च)** 1. और 2. नहीं तो 3. यदि, तो 4. इसलिए 5. बल्कि **(छ)** 1. वाह! 2. अरे 3. अरे! 4. वाह–वाह! 5. शाबाश! **(ज)** सेनापति एक मंदिर के **पास** रुका। उसने सैनिकों को मंदिर के **बाहर** रुकने का आदेश दिया और कहा, ''प्यारे साथियों! मैं आपकी विजय की कामना लेकर मंदिर के **अंदर** जाऊँगा। आप यहीं ठहरें।'' यह कहकर वह मंदिर के **अंदर** चला गया। थोड़ी देर के बाद वह मंदिर से **बाहर** निकला।

11. वाक्य–विचार

(क) 1. सार्थक शब्दों का ऐसा समूह जो व्यवस्थित हो और कोई अर्थ देता हो, वाक्य कहलाता है। 2. वाक्य के दो अनिवार्य अंग होते हैं–(i) उद्देश्य (ii) विधेय। 3. अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं– **क.** विधानवाचक वाक्य **ख.** निषेधवाचक वाक्य **ग.** प्रश्नवाचक वाक्य **घ.** विस्मयादिबोधक वाक्य **ङ.** आज्ञावाचक वाक्य **च.** संदेहवाचक वाक्य **छ.** इच्छावाचक वाक्य **ज.** संकेतवाचक वाक्य 4. रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं– सरल, संयुक्त और मिश्र वाक्य **(ख)** 1. दो

2. पेड़ के नीचे 3. अर्थ **(ग)** 1. स 2. अ **(घ)** 1. **उद्देश्य**–तुम्हारा बेटा **विधेय**–बुद्धिमान है। 2. **उद्देश्य**– उसने **विधेय**– पुस्तक पढ़ी। 3. **उद्देश्य**–मेरा मित्र **विधेय**–कल आ रहा है। 4. **उद्देश्य**–शुभ **विधेय**–मैच ना जीत सका। **(ङ)** 1. तितली उड़ रही है। 2. अध्यापक पढ़ा रहे हैं। 3. जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। 4. विराट कोहली महान बल्लेबाज है।

12. शब्द भंडार

(क) 1. वे शब्द जिनके अर्थ प्रायः समान होते हैं, पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहलाते हैं। प्रमुख शब्द तथा उनके पर्यायवाची दिए गए हैं (i) **पृथ्वी**–धरा, धरित्री, भू, अवनि, वसुधा, वसुंधरा। (ii) **बिजली**– विद्युत, चपला, चंचला, दामिनी। 2. जो शब्द एक–दूसरे का विपरीत (उलटा) अर्थ प्रकट करते हैं, वे विलोम शब्द या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं। **शब्द**–जन्म, ऊँचा, स्वस्थ। विलोम– मृत्यु, नीचा, अस्वस्थ 3. भाषा को सुंदर व संक्षिप्त करने के लिए हम वाक्यांश या अनेक शब्दों का प्रयोग न करके एक शब्द में ही अपनी बात कह देते हैं। इसे ही अनेक शब्दों या वाक्यांश के लिए एक शब्द कहा जाता है; जैसे–जिसका कोई आधार न हो–निराधार; जो जानता न हो–अनभिज्ञ, जो व्यर्थ व्यय (खर्च) करे–अपव्ययी। 4. वे शब्द जो उच्चारण में लगभग समान प्रतीत होते हैं; किंतु उनके अर्थ में भिन्नता होती है, उन्हें समश्रुति भिन्नार्थक शब्द कहते हैं। जैसे–अन्न–अनाज, अन्य–दूसरा, अलि–भौंरा, अली–सखी, चिर–सदैव, चीर–वस्त्र। **(ख)** 1. स्वस्थ 2. अनुपस्थित 3. जीत 4. आलसी 5. दिन **(ग)** 1. स 2. स 3. ब 4. ब 5. ब **(घ)** 1. रात 2. श्वेत 3. रूदन 4. विपक्ष 5. विषाद 6. मित्र 7. निर्धन 8. अपयश **(ङ)** 1. मेरू, शैल, नग 2. भागीरथी, सुरसरी, देवनदी 3. कमल, जलज, पंकज 4. धरा, भू, वसुधा, 5. अश्व, घोटक, तुरंग, 6. चपला, चंचला, दामिनी, **(च)** 1. जलज, नीरद, पवन 2. भ्रमर, पतंग 3. सूर्यपुत्री, दशानन, शचि 4. वंशीधर, दशानन 5. असुर, पंकज **(छ)** उत्थान–पतन, घृणा–प्रेम, तीव्र–मंद, मित्र–शत्रु, बहिन–भाई, सुख–दुख, रात्रि–दिवस, स्त्री–पुरुष, चर–अचर, राजा–रानी, जल–थल। **(ज)** 1. विधुर 2. अजातशत्रु 3. परोपकारी 4. नश्वर 5. अजेय 6. अद्वितीय **(झ)** 1. मृत्यु, गरीब 2. नीच, पाप 3. पृथ्वी, स्रोत 4. पुराना, वस्त्र 5. शव जलाने का स्थान, एक जानवर 6. धुरी, आँख 7. सोना, गेहूँ 8. कंधा, भाग **(ञ)** 1. निकम्मा 2. दार्शनिक 3. निर्भय 4. पुस्तकालय 5. सधवा 6. निर्दयी।

13. विराम-चिह्न

(क) 1. अपने भावों को प्रकट करने के लिए भाषा में बोलते समय और लिखते समय कुछ स्थानों पर रुकना पड़ता है। लिखते समय इस विराम को प्रकट करने के लिए हम जिन चिह्नों को प्रयोग करते हैं, उन्हें ही विराम-चिह्न कहते हैं। 2. वाक्य के बीच में लगने वाले-चिह्न **क. अल्पविराम** (,)- जब एक शब्द को दूसरे से अथवा एक उपवाक्य को दूसरे उपवाक्य से अलग करके दिखाना होता है, तो अल्पविराम लगाया जाता है। यह बुद्धिमान, परिश्रमी एवं आज्ञाकारी बालक है। **ख. अर्धविराम (;)**-जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा कुछ अधिक रुकना होता है, वहाँ अर्धविराम चिह्न लगाया जाता है; जैसे-वह बहुत हट्टा-कट्टा है; परंतु साहसी नहीं है।, जो आज निर्धन है; कल वही धनी भी हो सकता है। 3. वाक्य के अंत में लगने वाले विराम-चिह्न **क. पूर्ण विराम (।)**-किसी बात के पूरा हो जाने पर इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है। यह वाक्य की पूर्णता का बोध कराता है; जैसे-तुम अपना कार्य करो।, महात्मा गाँधी एक महान नेता थे। **ख. प्रश्नसूचक चिह्न (?)**-प्रश्नसूचक चिह्न का प्रयोग प्रश्नवाचक वाक्यों के अंत में किया जाता है; जैसे-तुम किस समय उठते हो?, क्या तुम दुकान से चीनी ले आओगे? **ग. विस्मयादिबोधक चिह्न (!)**- इसका प्रयोग हर्ष, शोक, घृणा तथा विस्मय आदि भावों को व्यक्त करने वाले वाक्यों में किया जाता है। जैसे- ओह! मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। क्या मुसीबत है!, धत् तेरे की! 4. **कोष्ठक चिह्न (( ))**- वाक्य में किसी शब्द का अर्थ या जरूरी विवरण लिखना हो, तो उसे कोष्ठक में लिखा जाता है; जैसे-मेरे लिए कोई खाने की चीज (वस्तु) लाओ। **विवरण चिह्न (:-)**-इसका प्रयोग विवरण देने के लिए किया जाता है; जैसे- संज्ञा के तीन भेद हैं:- जातिवाचक संज्ञा, व्यक्तिवाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा। **(ख)** 1. विवरण-चिह्न 2. अर्धविराम 3. लाघव-चिह्न **(ग)** 1. स 2. ब 3. अ **(घ)** 1. शाम ढल गई थी। सुमन ने 'बालहंस' पढ़ना शुरू किया। 2. माँ ने पूछा कि समय क्या हुआ है। 3. नहीं, कश्मीर में तो शांति है। 4. चार शहरों के नाम बताइए। 5. हे भगवान, अब क्या होगा! **(ङ)** 1. अल्प विराम 2. विस्मयादिबोधक चिह्न 3. लाघव चिह्न 4. विवरण चिह्न 5. हंसपद चिह्न 6. प्रश्नसूचक चिह्न 7. पूर्ण विराम 8. योजक चिह्न 9. उद्धरण चिह्न **(च)** सुबह के पाँच बजे थे। बस्ती में हलचल शुरू हो गई। सभी अपने-अपने काम में लग गए। अम्मा ने सुलेखा से पूछा,

''बिटिया कॉलेज नहीं जाना है क्या? सुलेखा ने कहा- ''हाँ अम्मा जाना है। मैं तैयार ही हो रही थी।'' **(छ)** 1. वाह! कितना सुंदर दृश्य है। 2. हमें पाप-पुण्य का ध्यान रखकर कर्म करने चाहिए। 3. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी भारत के महान नेता थे। 4. लालबहादुर शास्त्री का नारा था-'जय जवान, जय किसान।' 5. सुमित्रानंदन पंत भारत के सुप्रसिद्ध कवि हैं।

14. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

(क) 1. ऐसा वाक्यांश जो सामान्य से भिन्न किसी विलक्षण अथवा विशेष अर्थ की प्रतीति कराए और शाब्दिक अर्थ से भिन्न किसी अन्य अर्थ में रूढ़ हो जाए, मुहावरा कहलाता है। 2. लोगों में प्रचलित उक्ति को लोकोक्ति कहते हैं। लोकोक्ति का प्रयोग किसी विचार के समर्थन में स्वतंत्र वाक्य की तरह होता है। 3. लोकोक्ति का प्रयोग किसी विचार के समर्थन में स्वतंत्र वाक्य की तरह होता है। यह मुहावरे की तरह वाक्य का अंश नहीं होती। इसका अर्थ सीधा और स्पष्ट होता है **(ख)** 1. स 2. स **(ग)** स्वयं करें **(घ)** 1. (द) 2. (य) 3. (ब) 4. (स) 5. (अ) **(ङ)** स्वयं करें **(च)** 1. अँगूठा दिखाना 2. नौ-दो ग्यारह होना 3. पानी-पानी होना 4. कान भरना 5. आग बुझाना 6. उँगली उठाना **(छ)** 1. (स) 2. (अ) 3. (द) 4. (य) 5. (ब)